# कौनसी चक्की का आटा खाते थे जो एक ही परिवार में तीन-चार आरएएस बने : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा पर तंज कसा

**जयपुर** (वि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व विधायक गोविंद सिंह डोटासरा पर तंज कसते हुए कहा, वह कौन सी चक्की का आटा खाते थे, कौन सा पानी पीते थे, जो एक ही परिवार के 3-4 लोग आर.ए.एस. परीक्षा में सलेक्ट हो गए। नंबर भी सबके एक समान आए। उन्होंने कहा कि लक्ष्मणगढ़ से आने वाले विधायक की चर्चा मैं सुन रहा था। वह कह रहे थे केवल एक एल.डी.सी. के पेपर की जांच हुई है, जो हाईकोर्ट से संबंधित है। सदन के माध्यम से जानकारी देना चाहता हूं कि राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा-2021, सीएचओ भर्ती परीक्षा-2020, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती-2022, रीट परीक्षा-2021 सहित कई पेपरलीक की जांच एस.आई.टी. से करवा रहे है।

- **प्रदेश में हमारी सरकार बनने के बाद पेपरलीक के 25 वांछित आरोपी पकड़े गए, जरूरत पड़ी तो इसकी जांच सीबीआई से भी कराएंगे : भजनलाल शर्मा**

राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं के पेपरलीक करके राजस्थान के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि पेपर लीक की घटनाओं ने राजस्थान को पूरे देश में कलंकित कर दिया। जिस प्रदेश का युवा पूरे दुनिया भर में जाकर परचम लहराता था, उसे अपने प्रदेश में ही पेपर लीक का सामना करना पड़ा। संवैधानिक संस्था आर.पी.एस.सी. को लज्जित करने का काम पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने किया, लेकिन अब युवाओं के साथ कभी धोखा बर्दाश्त नहीं होगा। शर्म आती है कि आर.पी.एस.सी. के कुछ सदस्य पेपर चुराते हुए पकड़े गए। कुछ विधायकों पेपर लीक की जांच एस.आई.टी. की जगह सीबीआई से कराने की मांग की थी। अगर जरूरत पड़ी तो इनकी जांच सीबीआई से भी करवाएंगे।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद 7 जनवरी और 21 जनवरी 2024 को दो परीक्षाएं करवा दी गई हैं। पेपर लीक मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 25 वांछित लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पिछली सरकार ने भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के लिए सीबीआई को जांच के लिए मंजूरी नहीं दी, लेकिन हमने सीबीआई को फिर से जांच की अनुमति दे दी है।

# कांग्रेस राज में इनके मुखिया सदन में कहते थे कि महिला अत्याचार के मामले झूठे : भजनलाल शर्मा

## 'पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मुखिया के उस बयान ने अपराधियों के हौंसले बढ़ाने का काम किया'

**जयपुर** (विसं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सदन में कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि राजस्थान में जब-जब कांग्रेस की सरकार आती है, तब-तब महिला अत्याचार बढ़ते है। उस दलित महिला भंवरी को याद कीजिए, दुष्कर्म के बाद जिसकी हत्या कर दी गई थी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में जब महिला अत्याचार का मुद्दा मंत्री राजेन्द्र गुढा ने उठाया तो उन्हें बर्खाशत कर दिया गया। आखिर उन्होंने ऐसा क्या कह दिया था कि सदन में बात उठाने के कुछ ही घंटे बाद अपने ही मंत्री को बर्खास्त कर दिया।

- **मुख्यमंत्री ने राज्य में जब-जब कांग्रेस की सरकार आती है, तब-तब महिला अपराध बढ़ते है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने तो महिला अत्याचार की बात सदन में उठाने वाले मंत्री को ही हटा दिया था**

भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि इसी विधानसभा में पिछली कांग्रेस सरकार के मुखिया ने कहा था कि राजस्थान में महिला अत्याचार के मामले झूठे होते है। सत्ताधारी दल के मुखिया के उस बयान ने अपराधियों के हौंसले बढ़ाने का काम किया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के ही वरिष्ठ सदस्य ने राजस्थान में बढ़ती दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर सदन में विवादित बयान दिया था कि "राजस्थान मर्दों का प्रदेश है।" ऐसे विवादित बयान शर्मसार करने वाले है। महिला शक्ति की पहचान राजस्थान को महिला अत्याचार के मामलों से शर्मसार होना पड़ा। पिछली कांग्रेस सरकार के समय राजस्थान महिला अत्याचार के मामले में नंबर 1 बना रहा। हर दिन अबलाओं की इज्जत तार-तार होती थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि राजस्थान की 8 करोड़ जनता के प्रतिनिधि के तौर पर हम काम करते है, राजनीति में कई बार सच का सामना करना पड़ता है। हमें राजनीति कैसे करनी है। राजनीति के लिए तलवार की धार पर चलना होता है। मैं कह दूं और पालना नहीं करूं.. यह नहीं चलता।

# नाबालिग का अपहरण करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

- **प्रताप नगर इलाके में गत सितंबर में फिल्मी स्टाइल में तीन बदमाशों ने किया था नाबालिग का अपहरण**
- **बच्ची ने खुद के शिक्षक माता-पिता की जानकारी छिपाकर फिरौती की साजिश को फेल किया था**

**जयपुर** । प्रताप नगर थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। दरअसल, मामला सितंबर 2023 का है। जब जयपुर से नाबालिग का किडनैप कर लिया गया। जब बदमाशों ने नाबालिग से माता-पिता के बारे में पूछा तो उसने बताया कि पिता की मौत हो चुकी है। मां लोगों के घरों में काम करती है। जबकि लड़की के माता-पिता दोनों सरकारी कर्मचारी है, इसकी बदमाशों को भनक तक नहीं लगने दी।

डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव ने बताया कि पुलिस ने वारदात में शामिल कुलदीप जाट (22) निवासी कागारौल जिला आगरा और तेजेन्द्र उर्फ तेजू (21) निवासी आगरा को गिरफ्तार कर लिया हैं। इस गैंग का एक अन्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है, जिसे पकड़ने के लिए टीमें बनाई गई है। उन्होंने बताया कि 14 सितम्बर 2023 में प्रताप नगर इलाके में नीट की तैयारी करने वाली एक छात्रा को बदमाशों ने जबरन फिल्मी स्टाइल में किडनैप किया था। उसे भरतपुर लेकर चले गए थे। घटना वाले दिन ही बदमाशों ने नाबालिग से परिवार के बारे में पूछा था। नाबालिग ने बताया था कि उसके पिता का देहांत हो चुका है। मां लोगों के घरों में जाकर काम करती हैं। इसके बाद बदमाशों ने उसे कार की डिग्गी में डाल दिया था। बदमाश लड़की के साथ गलत काम करना चाहते थे। जब लड़की ने कार की डिग्गी में शोर किया तो बदमाश भरतपुर के लखनपुर गांव के पास छोड़कर भाग गए थे। नाबालिग ने मुख्य सड़क पर पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद प्रताप नगर पुलिस और लड़की के परिजन मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने उसकी शिकायत पर प्रताप नगर थाने में मामला दर्ज किया था। पुलिस ने बताया कि लड़की की समझदारी से उसके साथ गलत नहीं हो सका। नाबालिग के माता-पिता दोनों सरकारी कर्मचारी हैं। अपहरण होने के बाद उसने समझदारी दिखाई और तीनों लड़कों से झूठ कहा कि उसके पिता का देहांत चुका है। इसके बाद बदमाशों समझ गए कि अब पैसा नहीं मिल सकेगा। आरोपियों ने लड़की के साथ गलत काम का प्लान बनाया। लड़की के शोर करने पर जंगल में छोड़कर भाग गए। डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव ने बताया कि पुलिस के पास अपहरण के दौरान का सीसीटीवी फुटेज था। इसमें आरोपी नाबालिग का अपहरण करते दिख रहे थे। उसके आधार पर पुलिस को कार की जानकारी मिल गई थी। कार का नंबर पुलिस के पास था, लेकिन इसमें एक नम्बर बदमाशों ने छिपा रखा था। पुलिस को सीसीटीवी में कार के पीछे वाले टायर पर लगे मडगार्ड पर लगा निशान दिख रहा था। इसकी जानकारी पुलिस ने घटना वाले दिन ही सभी जगह दे दी थी। इसके बाद से लगाकर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। 28 जनवरी 2024 को पुलिस को प्रताप नगर इलाके में उसी कार का मूवमेंट दिखा । इस पर पुलिस ने कार पकडी और थाने लेकर आए। कार मालिक चला रहा था। कार मालिक ने बताया कि पिछले 5 माह में तीन लोगों को कार चलाने के लिए दे रखी थी। इस पर पुलिस ने दोनों बदमाशों को प्रताप नगर से पकड़कर पूछताछ की। इस पर एक चालक ने पुलिस पूछताछ में घटना कबूल की। जिस पर उस से गहन पूछताछ हुई तो दूसरे को पुलिस ने पकड लिया। हालांकि एक अन्य आरोपी की पुलिस अभी तलाश कर रही हैं।

# विपक्ष को 25 सितंबर 2022 की पर्ची का डर सता रहा : मुख्यमंत्री

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सदन में कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि, मैं तो गांव से आने वाला व्यक्ति हूं। एक छोटे किसान परिवार से आता हूं। जीवन अभावों में भी गुजरा है। मेरा मुख्यमंत्री बनना शायद कांग्रेस के लोगों को अच्छा नहीं लग रहा है।

दरअसल, विपक्ष के कुछ सदस्यों में पर्ची का डर बैठा है। इसलिए वो बार-बार पर्ची की बात करते हैं। विपक्ष के सदस्यों को कौनसी तारीख की पर्ची का डर है। यह डर 25 सितंबर 2022 का है। जब कांग्रेस के कुछ नेताओं ने विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर आलाकमान द्वारा भेजे हुए पर्यवेक्षकों का अपमान किया था। दरअसल सदन में कांग्रेस विधायक बार-बार पर्ची से भाजपा की सरकार चुनने का मुद्दा उठाकर बीजेपी को घेरने की कोशिश कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देते हुए जमकर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मेरे मुख्यमंत्री बनने के बाद से अगर एक भी नेता ने कोई विवादित बयान जारी किया हो तो बताओ। भाजपा में आंतरिक लोकतंत्र है, अनुशासन है। कांग्रेस जैसा हाल नहीं है कि 25 सितंबर 2022 को आलाकमान पर्यवेक्षकों को राजस्थान भेजता है। विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करके पर्ची के जरिए दूसरी जगह पर बैठक बुलाई जाती है, केन्द्रीय पर्यवेक्षकों का अपमान किया जाता है।

## सार-समाचार

### नाटक "दिव्य दृष्टि" का हुआ मंचन



**जयपुर**। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजक आशादर्शन कला संस्था द्वारा दो दिवसीय "लुइस ब्रेल फेस्टिवल" का मंगलवार को समापन हुआ समापन पर रवींद्र मंच पर डॉ आशुतोष लिखित एवं युवा नाट्यय निर्देशक महेश महावर के निर्देशन में नाटक दिव्य दृष्टि का मंचन किया गया। आज की प्रस्तुति अनुपम रंग थियेटर सोसायटी द्वारा दी गई। समारोह के पहले दिन आयोजक संस्था द्वारा लुई ब्रेल जयंती पर नेत्रहीन स्कूल में दृष्टिबाधित सुगम संगीत कार्यक्रम का स्वग्रही प्रस्तुति के रूप में आयोजन किया गया, जिसमें देख सकने वाले प्रोफेशनल गायकों के साथ ही नेत्रहीन गायक कलाकारों ने भी बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। नाटक "दिव्य दृष्टि" के निर्देशक महावर ने बताया कि 45 दिवसीय कार्यशाला में तैयार उक्त नाटक में एक ऐसे गांव के लोगों को केंद्र में रखा गया है जो यह मानते हैं कि नेत्रहीन बच्चा पैदा होना अभिशाप है, नेत्रहीन धरती का बोझ है नाट्यय मंचन का मूल संदेश जो आम इंसान कर सकता है, वही नेत्रहीन भी कर सकता है रहा तथा नाटक के अंतिम दृश्य में गांव के नेत्रहीन की बारात का दृश्य बेहद खूबसूरत एवं रोमांचित करने वाला रहा नाट्यय कार्यशाला के दौरान सभी कलाकारों ने नेत्रहीन बच्चों के साथ समय बिताकर उनके जीवन का दर्शन किया, नेत्रहीन व्यक्ति अपने जीवन के बारे में क्या सोचता है, लुइस ब्रेल ने नेत्रहीनों के पढ़ने के लिए ब्रेल लिपि का आविष्कार नहीं किया होता तो क्या होता, आदि विषयों को ध्यान में रखकर नाटक "दिव्य दृष्टि" को मंचित करने की डिजाइन तैयार की गई।

### जयपुर के ऐमान का दिल्ली में सम्मान




**जयपुर**, (का.सं.)। गुलाबी नगर जयपुर के रहने वाले ऐमान खान का वीरगाथा प्रतियोगिता में चयन होने पर दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा सम्मानित किया गया। ऐमान खान जगतपुरा स्थित सेंट मेरी कॉन्वेट स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ते हैं। ऐमान के पिता आदिल खान ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा पूरे देश में वीरगाथा प्रतियोगिता का आयोजन पिछले वर्ष किया गया था, जिसमें बच्चों ने वीर जवानों और सेनानियों की वीरगाथा को प्रदर्शित करते हुए पेंटिंग बनाई थी। इसमें टॉप 100 बच्चों का चयन किया गया। इसके बाद चयनित बच्चों को दिल्ली बुलाया गया था। नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ऐमान को सम्मानित किया। ऐमान को सम्मान स्वरूप दस हजार रुपये का चेक, मेडल और प्रशस्ति दिया गया। पिता आदिल खान ने बताया कि पेंटिंग के अलावा ऐमान पढ़ाई में भी होशियार है।

### द पैलेस स्कूल में संस्थापक दिवस



**जयपुर**, (का.सं.)। द पैलेस विद्यालय की संस्थापिका प्रिंसेस दिया कुमारी का जन्म दिवस आज बहुत ही धूमधाम से बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक कार्यक्रम रखे गए जिसके अन्तर्गत एडवेंचर कैंप एवं इंक्लसिव ऑर्क्रेस्ट्रा भिन्न-भिन्न तरह के खेलों का आयोजन किया गया। इस समारोह में राजकुमारी गौरवी, रमा दत्त, वैदेही सिंह एवं विशेष अतिथि के रूप में दिशा फाउंडेशन, राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ उपस्थित रहे।

### जी.एन.एम. परीक्षा का परिणाम जारी

**जयपुर** । राजस्थान नर्सिंग कौंसिल ने जी.एन.एम. तृतीय वर्ष पूरक परीक्षा का मंगलवार को परिणाम जारी कर दिया है। जयपुर के रजिस्ट्रार डॉ शशिकान्त शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि दिसम्बर 2023 में आयोजित जी.एन.एम. तृतीय वर्ष पूरक परीक्षा तीन वर्षीय पाठ्यक्रम का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम राजस्थान नर्सिंग कौंसिल जयपुर की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

# कराटे व कोबुडो बैल्ट ग्रेडिंग में 530 छात्रों ने भाग लिया

**जयपुर**, (का.सं.)। मुरलीपुरा स्थित इण्डियन मार्शल आर्टस एकेडमी की कराते प कोबुडो बैल्ट ग्रेडिंग जमना विद्यापीठ सीनियर सैकण्डरी स्कूल न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर में सम्पन्न हुई। इसमें 530 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें कल्याण सीनियर सैकण्डरी स्कूल, एसएमएस स्कूल, भवानी निकेतन स्कूल, ए.वी.वी.एम. स्कूल, एस.एन. कॉन्वेंट स्कूल, लोटस स्कूल, जी.आर. ग्लोबल एकेडमी, महाराजा सवाई मानसिंह स्कूल, हंसराज एकेडमी रकूल, श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल, यूरो किड्स स्कूल माधव नगर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें उत्तर भारत के प्रमुख प्रशिक्षक गौजू रयू केनसिकाय सिंहान महेन्द्र गहलोत, ब्लेक बेल्ट 6 डान के सानिध्य में हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जमना विद्यापीठ स्कूल के डायरेक्टर मंजूबाला चौधरी, महेन्द्र खण्डेलवाल समाजसेवी मुख्य अतिथि रहे। इसमें यलो बेल्ट में वन्दना कुमारी, बाबूलाल सैनी, कनिष्का राठौड, कृतिका जोशी, समीर, ओरेन्ज बैल्ट- मेघा गहलोत, शिवम भाटी, ग्रीन बैल्ट अवन्तिका सरोज, पूजा गुर्जर, प्रेरक बंसल, हर्षिता वर्मा, भुवित कुमावत, ब्ल्यू बैल्ट युवराज सैन, वन्दना सैनी, आरती सैनी, परपल बैल्ट मानव पारीक, ब्राउन-4- माहिका, अदिति चौधरी, ब्राउन-3- अस्तित्व दायमा, रुद्राक्ष शर्मा ब्राउन-2- अमन सैनी, सुहानी स्वामी ब्राउन-1- देव भाटी, ब्लैक बैल्ट नव्या कुमारी, दिव्यांश वर्मा, कृष्णा तिवारी, केतन जांगिड, वर्षा थालानी अव्वल रहे । इस अवसर पर श्री चौथमल भगेरिया, संजय सिंगड (निदेशक विजय सेन्ट्रल एकेडमी), एडवोकेट गोपाल कृष्ण नारनोलिया मौजूद थे।

# देवनानी के प्रयासों से गतिरोध खत्म

**जयपुर** । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के रणनीतिक प्रयासों से सदन में चल रहा गतिरोध दूर हुआ और राज्यपाल के अभिभाषण पर मंगलवार को धन्यवाद प्रस्ताव शांतिपूर्वक सम्पन्न हो पाया। देवनानी की पहल से प्रतिपक्ष के सदस्य राज्यपाल अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव में शामिल हुए। ईआरसीपी पर बहस होने के बाद प्रतिपक्ष के वैल में आने से सदन में गतिरोध हुआ। देवनानी ने कार्यवाही स्थगित कर प्रतिपक्ष के सदस्यों को अपने कक्ष में बुलाकर उन्हें विश्वास में लिया और उनकी समस्याओं का समाधान कर धन्यवाद प्रस्ताव में प्रतिपक्ष को शामिल होने के लिये तैयार किया। अध्यक्ष देवनानी ने प्रतिपक्ष की ईआरसीपी पर चर्चा की मांग को मानते हुए मंगलवार को सदन में आधे घण्टे की चर्चा कराई गई। देवनानी के इस निर्णय की पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों ने सराहना की।

# जयपुर में एक फरवरी से सजेगा पत्थरों का बाजार

**जयपुर**। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पत्थर उद्योगों एवं अन्य गतिविधियों का प्रमुख स्थान है। राजस्थान में खनिज पत्थर एवं इससे संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रयासरत है। इसी दिशा में रीको के अभिन्न अंग सेन्टर फॉर डवलपमेंट ऑफ़ स्टोन्स (सीडॉस) के तत्वावधान में इंडिया स्टोनमार्ट-2024 के 12वें संस्करण का शुभारंभ 1 फरवरी 2024 को प्रातः 11 बजे जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेन्टर सीतापुरा में किया जाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट का यह अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन 1 से 4 फरवरी तक आयोजित होगा।

यह आयोजन पत्थर उद्योग से संबधित विभिन्न हितधारकों जैसे घरेलू और विदेशी उत्पादकों, निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और खरीदारों, विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, वास्तुकारों, बिल्डरों, डेवलपर्स, कॉरपोरेट्स आदि को एक छत के नीचे लाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट-2024 स्टोन सेक्टर से जुड़े उद्यिमयों, सेवा प्रदाताओं, मैन्युफैक्चरर्स, कारोबारी जैसे एग्जीबिटर्स को दुनिया भर के उपभोक्ताओं के बीच अपने उत्पादों, सेवाओं और ब्रांडिंग को बढ़ावा देने और उनके व्यापार को बढ़ाने के लिए एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करेगा। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया स्टोनमार्ट प्रदेश के समृद्ध पत्थर उद्योग को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाने में कामयाब साबित होगा। इस तरह के आयोजनों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों की राह खुलेगी। प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया कार्यक्रम की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है।

# प्रेमिका के पति की हत्या करने वाला गिरफ्तार

## शराब पार्टी के बहाने युवक को सुनसान जगह ले जाकर गला रेता था



मुहाना पुलिस ने युवक की हत्या करने वाले को गिरफ्तार किया।

**जयपुर**। मुहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेमिका के पति की हत्या करने वाले हत्यारे प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित शराब पार्टी के बहाने पति को बाइक पर बैठाकर प्रेमी सुनसान जगह ले गया। खाली प्लॉट में चाकू से गला रेतकर मारने के बाद हत्यारा फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर मंगलवार शाम हत्यारे को गिरफ्तार किया है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी चन्दन कुमार मालदार (28) निवासी पुर्नियां बिहार हाल रामपुरा रोड सांगानेर को गिरफ्तार किया गया है। 29 जनवरी की सुबह पार्श्वनाथ कॉलोनी मुहाना स्थित खाली प्लॉट में एक युवक का शव पड़ा मिला था। मृतक की पहचान रामरहीस उर्फ विकास (29) निवासी बिहार हाल मुहाना के रूप में हुई। चाकू या ब्लेड से गला रेतकर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने सबूत जुटाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में भिजवाया। वहीं पुलिस ने मृतक के भाई मोहन की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया। गोतम डोटासरा ने बताया कि जांच में सामने आया है कि 28 जनवरी की शाम चंदन को रामरहीस उर्फ विकास के साथ देखा गया था। बिहार में फरारी काटने की प्लानिंग कर तैयारी करते आरोपी चंदन को पकड लिया। सख्ती से पूछताछ में आरोपी चंदन ने रामरहीस की हत्या करना स्वीकार कर लिया। पूछताछ में बताया कि पिछले काफी समय से रामरहीस की पत्नी नीलम से उसके अवैध संबंध थे।

पत्नी के अवैध संबंध होने का पता चलने पर रामरहीस विरोध करता था। इसके चलते ही रामरहीस ने अपनी पत्नी को बिहार स्थित पीहर भेज दिया। पत्नी को भेजने को लेकर रामरहीस की हत्या को लेकर प्लान बनाया। रामरहीस ने जैसे-तैसे नजदीकियां बढ़ाई। शराब पार्टी के बहाने शाम को बाइक पर बैठाकर रामरहीस को सुनसान जगह ले गया। शराब पार्टी के बाद सुनसान जगह स्थित खाली प्लाट में गला रेतकर हत्या कर दी। लाश को छोड़कर बाइक लेकर वापस घर आ गया।

# नारायणपुरी में चोरों का आतंक

- **इलाके में सोमवार को एक फोटो पत्रकार के सूने मकान में चोरी का प्रसास कर रहे नशेड़ी को धुना**
- **हाल ही में एक मकान में 12 जनवरी को लाखों की चोरी की बड़ी घटना हुई थी।**

**जयपुर** । राजधानी के झोटवाड़ा इलाके की नारायणपुरी में इन दिनों चोरों का आतंक मचा हुआ है। यहां चोर सूने मकानों के ताले तोड़कर उन्हें निशाना बना रहे है। बदमाशों ने सोमवार को भी इलाके में एक फोटो पत्रकार के सूने मकान में भी चोरी का प्रसास किया।

पीड़ित फोटो पत्रकार जाकिर हुसैन ने बताया कि उसका नारायणपुरी ए में 149 नम्बर का मकान है। वह सोमवार को घर का ताला लगाकर परिवार सहित शादी समारोह में गया हुआ था। पीछे से रात करीब साढ़े दस बजे एक बदमाश ने घर का ताला तोड़ने का प्रयास किया। ताला नहीं टूटने पर उसे आरी से काटने लगा। इस दौरान तोड़फोड की आवाज होने पर आसपास के लोग घर से बाहर निकल आए और बदमाश को दबोच लिया और उससे मारपीट कर दी। लोगों ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने कोई जबाव नहीं दिया। उसके बारे में पता करने पर मालूम चला कि वह नशे का आदि था। आरोपी मौका देखकर भाग निकला। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। हाल ही में संजय खान निवासी 118, श्रीनारायणपुरी झोटवाडा के मकान में 12 जनवरी को चोरी की बड़ी घटना हुई थी। चोर यहां से 11 लाख रुपए के जेवर चोरी कर ले गए। सीसीटीवी में तीन चोर नजर आ रहे थे। पीड़ित ने इस संबंध में झोटवाडा थाने में मामला दर्ज करवा रखा है, लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है। इलाके में आए दिन चोरी की वारदातें होने से लोगों में आक्रोश बना हुआ है।

# सरकार 'ऑटो रिक्शा' जैसी : धारीवाल

**जयपुर** । राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस में कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि 15 दिसंबर को बीजेपी की ऑटोरिक्शा सरकार ने शपथ ली। आगे का पहिया सीएम और पीछे के पहिए दो डिप्टी सीएम, ड्राइवर की सीट पर मोदीजी बैठे हुए हैं। यह डबल इंजन की सरकार कुछ नहीं है, यह ऑटो रिक्शा बांध दिया। हर राज्य में यही हाल है।

धारीवाल ने कहा कि जैसे नीतीश कुमार कुर्सी बदलने में मास्टर हैं, उसी तरह बीजेपी योजनाओं का नाम बदलने में मास्टर है। मुख्यमंत्री इस बात का जवाब दें कि कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्या करेंगे, उन्हें बंद करेंगे या नहीं। कांग्रेस सरकार पर कर्ज में प्रदेश को डुबोने का आरोप लगाया। पहले दूसरे राज्यों की हालत देख लीजिए, केंद्र सरकार की कर्ज के मामले में हालत देख लीजिए। वर्ल्ड बैंक तक ने कह दिया कि अब अगर और कर्ज लिया तो आपके हालात भी पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे हो जाएंगे। कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि अभिभाषण देखकर ऐसा लगा जैसे ऑटो रिक्शा की सरकार का संकल्प पत्र था। ऐसा लग रहा था जैसे सीएम का चुनावी भाषण हो। निर्जीव भाषण है, पढ़ने में इतनी उबासी आई कि उसकी हद नहीं । इस अभिभाषण में दलित, आदिवासी और पिछड़ों पर एक शब्द नहीं मिला। क्या आप पिछड़ों का कल्याण नहीं करना चाहते?

बी.ए.पी. विधायक राजकुमार रौत ने कहा कि अभिभाषण में आदिवासियों के लिए एक भी बात नहीं लिखी हुई है। जबकि राजस्थान में 13 प्रतिशत आदिवासी है। इससे ये साबित होता है कि यह डबल इंजन सरकार आदिवासी विरोधी है। आज राजस्थान का युवा दर-दर भटक रहा है। आज देश में जो हो रहा है, वो ठीक नहीं हो रहा है। देश में युवाओं को रोजगार चाहिए। गरीब को रोटी चाहिए, लेकिन आज धर्म के नाम पर राजनीति हो रही है। युवाओं को मंदिर का घंटा समझ रखा है। जो सरकार आती है, वह बजाकर चली जाती है।

# फिल्म उद्योग को ओ.टी.टी. ने फिर से जीवंत कर दिया : टीनू आनंद




**जनवरी**, (का.सं.)। ओटीटी ने फिल्म उद्योग को फिर से जीवंत कर दिया है। कई नए अभिनेताओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है, विशेषकर ऐसे अभिनेता जिन्होंने थिएटर में प्रशिक्षण लिया है। कई अभिनेता, जिन्हें पहले अवसर नहीं मिल रहे थे, वे ओटीटी प्लेटफार्मों के माध्यम से फिल्म उद्योग में प्रवेश करने में सक्षम हुए हैं। हम ओटीटी को बुरा नहीं कह सकते, बल्कि इसने इंडस्ट्री को नए ट्रेंड दिए हैं। यह बात निर्देशक और अभिनेता टीनू आनंद ने 10वें राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) 2024 में यूथ एंड फिल्म हेरिटेज विषय पर चर्चा के दौरान कही। वह कवि और पब्लिसिस्ट जगदीप सिंह से बातचीत कर रहे थे। टीनू आनंद ने दक्षिणी और बॉलीवुड फिल्म निर्माण में महसूस किए गए अंतर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि जब दक्षिण में फिल्म निर्माण की बात आती है तो उन्होंने अधिक अनुशासन देखा है। उन्होंने आगे कहा कि निर्माता और निर्देशक अधिक विनम्र और सम्मान पूर्ण होते हैं। निर्देशक ने अपने उस किस्से को भी साझा किया जब वह मास्टर फिल्म निर्माता सत्यजीत रे के अधीन काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रे एक महान निर्देशक थे और उनके अधीन काम करते हुए उन्होंने बहुत कुछ सीखा। वह पूरी सटीकता के साथ काम करते थे और जानते थे कि उन्हें सेट पर क्या चाहिए। उन्होंने कहा मैंने उनसे जो कुछ भी सीखा, अपने स्वयं के फिल्म निर्माण में लागू किया।